Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

**हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

## आप सभी पाठकों को नववर्ष मंगलमय हो

वर्ष-२६ अंक- ०१ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ जनवरी २०१६ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र

## असम मे ऐतिहासिक बोगीबेल रेल-सह-सड़क पुल राष्ट्र को समर्पित
## प्रधानमंत्री ने किया पहली यात्री रेलगाड़ी को झंडी दिखाकर रवाना



प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम में बोगीबील सेतु राष्ट्र को समर्पित किया। यह सेतु असम के डिब्रूगढ़ और धेमाजी जिलों के बीच ब्रह्मपुत्र नदी पर निर्मित है। आर्थिक और सामरिक दृष्टि से राष्ट्र के लिए इसका अत्यधिक महत्व है।

ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी तट पर दिनांक २५.१२.२०१८ को कारेंग चापोरी में एक जनसभा में प्रधानमंत्री ने इस पुल को पार करने वाली सबसे पहली यात्री रेलगाड़ी को भी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में केंद्र सरकार ने सुशासन के उद्देश्य को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक बोगीबेल रेल-सह- सड़क पुल का लोकार्पण इस उद्देश्य का प्रतीक है। मोदी ने कहा कि यह पुल इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी का एक चमत्कार है और अत्यधिक सामरिक महत्व का है।

उन्होंने कहा कि डिब्रूगढ़ क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और वाणिज्य का एक महत्वपूर्ण केंद्र है और ब्रह्मपुत्र के उत्तर में रहने वाले लोग अब इस शहर तक अधिक आसानी से पहुंच सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने पुल के निर्माण में शामिल सभी लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा अब भारत के आत्मविश्वास के प्रतीक बन रहे हैं।

## कुंभ में क्रूज की सवारी कर पहुंच सकेंगे श्रद्धालु मेला

रे.स.ब्यू./सूत्र प्रयागराज। में जनवरी २०१६ से लगने वाले कुंभ मेले में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को रेल, सड़क और हवाई मार्ग के साथ ही जलमार्ग से भी लाने की तैयारी कर ली गई है। साथ ही साथ कुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्रयागराज के आसपास के दर्शनीय स्थलों की सैर भी जलपोत (क्रूज) सेराई जाएगी। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार प्राधिकरण के दो जहाज सीएन कस्तूरबा और एसएल कमला प्रयागराज पहुंच चुके हैं। सीएल कस्तूरबा की क्षमता करीब १५० यात्रियों की है। दोनों जलयान कुंभ के दौरान यात्रियों के परिवहन के काम में लाए जाएंगे। इसके साथ ही निजी क्रूज और बड़े बोट भी लाइसेंस लेकर गंगा और यमुना नदियों में चलेंगे।




## रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में विनोद कुमार यादव ने किया पदभार ग्रहण




रे.स.ब्यू./सूत्र सिकंदराबाद। विनोद कुमार यादव ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष (रेलवे मंत्रालय) और सरकार के पदेन प्रमुख सचिव के रूप में दिनांक ०१.०१.२०१६ को पद भार ग्रहण कर लिया। इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स (IRSEE) के १६८० बैच के अधिकारी वी के यादव का चयन सभी महाप्रबंधकों में वारिष्ठ होने के नाते किया गया है। बलिया जिले में सुकरौली के मूल निवासी यादव ने आस्ट्रेलिया की लॉ ट्रोबे यूनिवर्सटी से एमबीए और इलाहाबाद विश्वविधालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स की डिग्री हासिल की है। विनोद कुमार यादव ने कहा कि भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है, जिसके लिए पटरियों के नवीनीकरण, रख रखाव और प्रति स्थापन का काम तेज गति से किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि, कर्मचारी संगठन की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि यात्री सुविधा भी प्राथमिकता सूची में हैं और भारतीय रेलवे रेल उपयोगकर्ताओं को और सर्वोत्तम सुविधाएं देने का प्रयास करेगी।

संस्थापक : स्व0 डॉ0 ए.के. बंसल
जीवन ज्योति हॉस्पिटल
मल्टीस्पेश्येल्टी हॉस्पिटल एण्ड इन्फर्टिलिटी रिसर्च सेन्टर



डॉ. वन्दना एस. बंसल
MBBS, MS, DGO, FCGP
D.Phil in IVF (Gold Medalist),
Diploma Gynaecological Endoscopic Surgery (Kiel, Germany)
बाँझपन एवं IVF विशेषज्ञा
गायनेकोलॉजिकल इण्डोस्कोपिक सर्जन

डॉ. अर्पित बंसल
MBBS, MS, FMAS, FCS, FIBC
एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक एण्ड कैंसर सर्जन, हार्निया एण्ड बैरियाट्रिक सर्जन



एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आंतों के कैंसर, ट्यूमर, सिकुड़न, गर्भाशय तथा सर्विक्स कैंसर की सर्जरी
- गुर्दे तथा एडरीनल ट्यूमर, गुर्दे तथा मूत्रमार्ग की पथरी, प्रॉस्टेट के ऑपरेशन
- पित्ताशय की पथरी, गर्भाशय निकालने के ऑपरेशन
- अपेन्डिक्स, हार्निया, गर्भाशय/ओवरी की गांठ/सिस्ठ आदि
- अन्य एडवांस्ड ऑपरेशन दूरबीन द्वारा

दूरबीन द्वारा बिना पेट चीरे ऑपरेशन | 24 घण्टे में अस्पताल से छुट्टी | अतिशीघ्र सामान्य दिनचर्या

अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर
अन्तर्राष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त परखनली शिशु (IVF) केन्द्र



अब ब्लाक्ड ट्यूब्स, अधिक उम्र, बंद माहवारी, शुक्राणु विकार में टेस्ट ट्यूब बेबी तकनीक द्वारा गर्भधारण संभव
- सम्पूर्ण इलाज में गोपनीयता, प्रमाणिकता एवं विश्वसनीयता
- ख्यातिप्राप्त IVF विशेषज्ञ
- अन्तराष्ट्रीय मानकों के अनुसार निर्मित केन्द्र
- समस्त जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा
- ब्लास्टोसिस्ट ट्रान्सफर
- स्पर्म एण्ड एम्ब्रियो फ्रीजिंग एण्ड बैंकिंग
- पुरुष बांझपन एवं नपुंसकता का उपचार

सुविधाएं
• IUI • IVF-ET (परखनली शिशु) • वीर्य एवं भ्रूण बैंक
• ICSI • IVM • IMSI • असिस्टेड लेजर हैचिंग

हेल्पलाइन नं0 : 07505554421, 09696755521, 09369694543

BARIATRIC SURGERY
मोटापा कम करने की सर्जरी
अनुभवी डॉक्टर द्वारा इलाज व सर्जरी
प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ 24 घण्टे सेवा में
आधुनिक उपकरणों से लैस ऑपरेशन थियेटर

गहन चिकित्सा एवं विशेष सुविधाएं
- वेन्टिलेटर युक्त ICU
- ICU, NICU एवं PICU यूनिट
- 24 घण्टे इमरजेन्सी सेवा
- प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी
- जोड़ प्रत्यारोपण एवं अस्थि रोग
- गुर्दा रोग एवं हीमोडायलिसिस
- पथरी निदान केन्द्र (लिथोट्रिप्सी)
- नाक, कान एवं गला रोग
- वेल वूमेन क्लीनिक
- ट्रॉमा सेन्टर
- न्यूरो ICU
- न्यूरो सर्जरी
- कैन्सर सर्जरी
- प्रसूति एवं स्त्री रोग
- हार्ट केयर सेन्टर
- पीडियाट्रिक सर्जरी
- नेत्र रोग

162 बाई का बाग, इलाहाबाद फोन : 2417248/52/54, 7311125113
E-mail : jeevanjyotihospital@gmail.com, arpitivf@gmail.com Website : www.jeevanjyotihospital.com, www.arpitivf.com

# कुम्भ मेला 2019 में मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का अस्थायी ठहराव



रेल प्रशासन द्वारा कुम्भ मेला-2019 के अवसर पर यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न स्टेशनों पर मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों को अस्थाई रूप से 01 मिनट का ठहराव दिया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र. सं. | स्टेशनों के बीच ठहराव की अवधि | स्नान दिवस |
|---|---|---|
| 1 | 13.01.19 से 23.01.19 (11 दिन) | मकर संक्रांति (15.01.19), पौष पूर्णिमा (21.01.19) |
| 2 | 02.02.19 से 21.02.19 (20 दिन) | मौनी अमावस्या (04.02.19), बसंत पंचमी (10.02.19) माघी पूर्णिमा (19.02.19) |

## इटावा

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहां से - कहां तक | इटावा में ठहराव के दिन | आगमन-प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12427 | रीवां-आनंद विहार (ट) | प्रतिदिन | 0107-0108 |
| 2 | 12428 | आनंद विहार (ट)-रीवां | प्रतिदिन | 0100-0101 |
| 3 | 12367 | भागलपुर-नई दिल्ली | प्रतिदिन | 0319-0320 |
| 4 | 12368 | नई दिल्ली-भागलपुर | प्रतिदिन | 1819-1820 |
| 5 | 12815 | पुरी - नई दिल्ली | मंगल, गुरू, शुक्र, रवि | 1201-1202 |
| 6 | 12816 | नई दिल्ली - पुरी | सोम, बुध, गुरू, शनि | 1038-1039 |
| 7 | 12987 | सियालदह - अजमेर | प्रतिदिन | 1612-1613 |
| 8 | 12988 | अजमेर - सियालदह | प्रतिदिन | 2128-2129 |

## इलाहाबाद

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहां से - कहां तक | इलाहाबाद में ठहराव के दिन | आगमन-प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12367 | भागलपुर-नई दिल्ली | प्रतिदिन | 2322-2323 |
| 2 | 12368 | नई दिल्ली-भागलपुर | प्रतिदिन | 0030-0031 |
| 3 | 12319 | कोलकाता-आगरा कैन्ट | गुरूवार | 0130-0131 |
| 4 | 12320 | आगरा कैन्ट-कोलकाता | शुक्रवार | 0400-0401 |
| 5 | 12329 | सियालदह-आनंद विहार (ट) | बुधवार | 0130-0131 |
| 6 | 12330 | आनंद विहार (ट)-सियालदह | गुरूवार | 0400-0401 |
| 7 | 12379 | सियालदह-अमृतसर जं. | शनिवार | 0130-0131 |
| 8 | 12380 | अमृतसर जं. - सियालदह | सोमवार | 0400-0401 |
| 9 | 12825 | रांची-नई दिल्ली | मंगलवार, शुक्रवार | 1115-1116 |
| 10 | 12826 | नई दिल्ली-रांची | बुधवार, शनिवार | 1600-1601 |

## नैनी

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहां से - कहां तक | नैनी में ठहराव के दिन | आगमन-प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12669 | चेन्नई सेन्ट्रल-छपरा | सोमवार, बुधवार | 0304-0305 |
| 2 | 12670 | छपरा-चेन्नई सेन्ट्रल | मंगलवार, गुरूवार | 0455-0456 |
| 3 | 11067 | लोकमान्य तिलक (ट)-फैजाबाद जं. | गुरूवार, रविवार | 0304-0305 |
| 4 | 11068 | फैजाबाद जं.-लोकमान्य तिलक (ट) | गुरूवार, रविवार | 2120-2121 |
| 5 | 18205 | दुर्ग-नौतनवा | शुक्रवार | 1000-1001 |
| 6 | 18206 | नौतनवा-दुर्ग | शनिवार | 2050-2051 |
| 7 | 18609 | रांची-लोकमान्य तिलक (ट) | गुरूवार | 1238-1239 |
| 8 | 18610 | लोकमान्य तिलक (ट)-रांची | रविवार | 1520-1521 |
| 9 | 11055 | लोकमान्य तिलक (ट)-गोरखपुर | मंगल, गुरू, शनि, सोम | 0920-0921 |
| 10 | 11056 | गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट) | मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 1725-1726 |
| 11 | 11059 | लोकमान्य तिलक (ट)-छपरा | बुध, शुक्र, रवि | 0920-0921 |
| 12 | 11060 | छपरा-लोकमान्य तिलक (ट) | सोम, गुरू, शनि | 1725-1726 |
| 13 | 12791 | सिकंदराबाद जं.-दानापुर | प्रतिदिन | 1025-1026 |
| 14 | 12792 | दानापुर-सिकंदराबाद जं. | प्रतिदिन | 2100-2101 |
| 15 | 16359 | एरणाकुलम -पटना जं. | मंगलवार | 0038-0039 |
| 16 | 16360 | पटना जं.-एरणाकुलम | बुधवार | 0123-0124 |
| 17 | 11071 | लोक. तिलक (ट)-वाराणसी जं. | प्रतिदिन | 1500-1501 |
| 18 | 11072 | वाराणसी जं.-लोक. तिलक (ट) | प्रतिदिन | 1957-1958 |
| 19 | 11045 | कोल्हापुर-धनबाद | रविवार | 0038-0039 |
| 20 | 11046 | धनबाद -कोल्हापुर | मंगलवार | 0123-0124 |
| 21 | 12539 | यशवंतपुर -लखनऊ | शुक्रवार | 0136-0137 |
| 22 | 12540 | लखनऊ - यशवंतपुर जं. | शनिवार | 0200-0201 |
| 23 | 12165 | लोकमान्य तिलक (ट)-वाराणसी जं. | मंगल, शुक्र, शनि | 0304-0305 |
| 24 | 12166 | वाराणसी जं.-लोकमान्य तिलक (ट) | मंगल, शुक्र, शनि | 2348-2349 |
| 25 | 12427 | रीवां - आनंद विहार (ट) | प्रतिदिन | 2005-2006 |
| 26 | 12428 | आनंद विहार (ट) - रीवां | प्रतिदिन | 0710-0711 |
| 27 | 22103 | लोकमान्य तिलक (ट)-फैजाबाद जं. | मंगलवार | 1110-1111 |
| 28 | 22104 | फैजाबाद जं.-लोकमान्य तिलक (ट) | बुधवार | 0720-0721 |
| 29 | 22967 | अहमदाबाद जं. - इलाहाबाद जं. | शुक्रवार | 1610-1611 |
| 30 | 22968 | इलाहाबाद जं.-अहमदाबाद जं. | शुक्रवार | 2120-2121 |
| 31 | 22131 | पुणे - मडुवाडीह | मंगलवार | 1520-1521 |
| 32 | 22132 | मडुवाडीह - पुणे | बुधवार | 0800-0801 |
| 33 | 11033 | पुणे -दरभंगा | गुरूवार | 1520-1521 |
| 34 | 11034 | दरभंगा-पुणे | शनिवार | 0800-0801 |
| 35 | 15268 | लोकमान्य तिलक (ट)-रक्सौल जं. | बुधवार | 1520-1521 |
| 36 | 15267 | रक्सौल जं.-लोकमान्य तिलक (ट) | रविवार | 0800-0801 |
| 37 | 22129 | लोकमान्य तिलक (ट)-इलाहाबाद जं. | बुधवार, सोमवार | 0820-0821 |
| 38 | 22130 | इलाहाबाद जं.-लोकमान्य तिलक (ट) | बुधवार | 1905-1906 |
| 39 | 16793 | रामेश्वरम् - फैजाबाद | बुधवार | 0038-0039 |
| 40 | 16794 | फैजाबाद - रामेश्वरम् | गुरूवार | 0720-0721 |
| 41 | 11053 | छ. शिवाजी महाराज (ट)-वाराणसी जं. | गुरूवार | 1715-1716 |
| 42 | 11054 | वाराणसी जं.-छ. शिवाजी महाराज (ट) | शुक्रवार | 1238-1239 |
| 43 | 19063 | ऊधना - दानापुर | बुधवार, रविवार | 0415-0416 |
| 44 | 19064 | दानापुर - ऊधना | गुरूवार, सोमवार | 0123-0124 |
| 45 | 15119 | रामेश्वरम् - मडुवाडीह | शनिवार | 0038-0039 |
| 46 | 15120 | मडुवाडीह - रामेश्वरम् | सोमवार | 0113-0114 |

## विन्ध्याचल

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहां से - कहां तक | विन्ध्याचल में ठहराव के दिन | आगमन-प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12307 | हावड़ा जं.-जोधपुर जं. | प्रतिदिन | 1111-1112 |
| 2 | 12308 | जोधपुर जं.-हावड़ा जं. | प्रतिदिन | 1510-1511 |
| 3 | 12167 | लोकमान्य तिलक (ट)-वाराणसी जं. | प्रतिदिन | 0122-0123 |
| 4 | 12168 | वाराणसी जं.-लोकमान्य तिलक (ट) | प्रतिदिन | 1150-1151 |
| 5 | 12801 | पुरी-नई दिल्ली | प्रतिदिन | 1834-1835 |
| 6 | 12802 | नई दिल्ली-पुरी | प्रतिदिन | 0805-0806 |
| 7 | 14055 | डिब्रूगढ़-दिल्ली | प्रतिदिन | 1803-1804 |
| 8 | 14056 | दिल्ली-डिब्रूगढ़ | प्रतिदिन | 0930-0931 |
| 9 | 12335 | भागलपुर-लोकमान्य तिलक (ट) | मंगल, शुक्र, रवि | 1904-1905 |
| 10 | 12336 | लोकमान्य तिलक (ट)-भागलपुर | बुध, शुक्र, सोम | 0655-0656 |
| 11 | 15645 | लोकमान्य तिलक (ट)-गुवाहाटी | गुरूवार, रविवार | 0655-0656 |
| 12 | 15646 | गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक (ट) | गुरूवार, सोमवार | 1904-1905 |
| 13 | 15647 | लोकमान्य तिलक (ट)-गुवाहाटी | शनिवार | 0655-0656 |
| 14 | 15648 | गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक (ट) | बुधवार | 1904-1905 |
| 15 | 12487 | जोगबनी-आनंद विहार (ट) | प्रतिदिन | 1043-1044 |
| 16 | 12488 | आनंद विहार (ट)-जोगबनी | प्रतिदिन | 1750-1751 |

**दलालों से सावधान** रेलवे टिकट सदैव रेलवे टिकट काउन्टर या अधिकृत रेल ट्रेवल एजेंट से ही खरीदें।




**उत्तर मध्य रेलवे**
**इलाहाबाद**

North central railways @CPRONCR 1281/18 FA

## सम्पादकीय

# कांग्रेसः अच्छे दिन आएंगे

जिस तरह तीन राज्यों छग, मप्र और राजस्थान के चुनाव नतीजे आए हैं उससे भाजपा की चिंता लाज़मी हैं। ये नतीजे लोकसभा चुनावों २०१६ पर कितना असर डालेंगे ये तो भविष्य के गर्व मे हैं। लेकिन एक बात तो तय है कि इस बार लोकसभा चुनाव भिन्न् परिदृश्य में होंगे और मतदाताओं के समक्ष मुद्दे एवं उनकी प्राथमिकता भी अलग होगी। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि मप्र, छग और राजस्थान में किसान कर्ज माफी के कांग्रेस के वादे ने चुनावों को एक हद तक प्रभावित करने का काम किया। कर्ज माफी की नीति न तो किसानों के हित में है और न ही राज्यों की किंतु जब कांग्रेस समेत अन्य दल उसे ही रामबाण की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं, तब फिर भाजपा को उसका कोई प्रभावी विकल्प खोजना ही होगा। लेकिन भाजपा इसकी अनदेखी नहीं कर सकती कि तीन राज्यों के परिणाम कांग्रेस के साथ ही अन्य विपक्षी दलों को प्रोत्साहित करने वाले हैं। इस नतीजों के लिए भाजपा केवल सत्ता विरोधी रुझान को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकती। उसे हार के मूल कारणों की गहन समीक्षा करनी होगी। तीन राज्यों में बेहतर प्रदर्शन के बाद राहुल गांधी की राजनीतिक अहमियत बढ़ने के साथ ही कांग्रेस को एक लाभ यह भी होगा कि अब वह अपनी शर्तों पर विपक्षी एकता को आकार दे सकेगी। अभी तो वह अपनी राजनीतिक जमीन पर क्षेत्रीय दलों को काबिज होने का अवसर देती दिख रही थी। गठबंधन की राजनीति कुल मिलाकर मजबूरी और अवसरवाद की राजनीति है। इस राजनीति से देश का भला होने वाला नहीं।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

# उत्तर रेलवे ने किया ०६ कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कारों से सम्मानित



रे.स.ब्यू./सू.नई दिल्ली। सतर्कता और त्वरित कार्रवाई दिखाते हुए सम्भावित दुर्घटनाओं को टालने वाले उत्तर रेलवे के सभी पाँच मंडलों के संरक्षा वर्ग के कुल ०६ कर्मचारियों को उत्तर रेलवे ने प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में संरक्षा पुरस्कार तथा महाप्रबंधक उत्कृष्टता सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबन्धक, राजेश तिवारी ने प्रदान किए। इस अवसर पर उत्तर रेलवे की मुख्य संरक्षा अधिकारी, श्रीमती सीमा कुमार तथा अन्य विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। सम्मानित किए गए कर्मचारियों में विरेन्द्र सिंह, लोकोपॉयलट एवं भारत सिंह सहायक लोको-पॉयलट, मुरादाबाद, मुरादाबाद मंडल, रूकामेश मीणा, तकनी-शियन, कैरिज व वैगन, हरिद्वार, मुरादाबाद मंडल, जगदीश, ट्रैकमैन, मुकेरिया, फिरोजपुर मंडल, हरिन्द्र कुमार, गेटमैन, अलावलपुर, फिरोजपुर मंडल, अमजद हुसैन सिद्दीकी, लोको पॉयलट, रायबरेली, लखनऊ मंडल, शामिल हैं।


# नसीरुउद्दीन शाह को मिली पाकिस्तान जाने की सलाह

रे.स.ब्यू./सू.अलीगढ़। फिल्म जगत के जाने माने अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के बयान की आलोचना करते हुए हिन्दू युवा वाहिनी के उपाध्यक्ष आदित्य पंडित ने उन्हें पाकिस्तान जाने की सलाह देते हुए पचास हजार का चैक भेजा है।

पत्र के माध्यम से शख्स ने यह बात लिखकर भेजी है। पद्मश्री और पद्म भूषण जैसे सम्मान पाने के बाद उनका यह बयान राजनीति से प्रेरित मानते हुए शख्स ने चैक भेज कर उन्हें पाकिस्तान जाने की सलाह दी है और कहा कि बेहद कुण्ठा हुई है।

# राम मंदिर पर अध्यादेश आया तो सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती-जिलानी

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। राम मंदिर मुद्दे पर होने वाली सुनवाई से पहले मुस्लिम संगठनों ने भी तैयारी शुरू कर दिया है। बता दें कि चार जनवरी से अयोध्या मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में शुरू होने जा रही है। इसी को देखते हुए लखनऊ में मंगलवार दिनांक २५.१२.२०१८ को बाबरी एक्शन कमेटी की बैठक में फैसला लिया गया कि अगर सरकार राम मंदिर मुद्दे पर कोई अध्यादेश लाती है तो उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। वहीं दूसरी ओर भाजपा के लिए आम चुनाव २०१६ को



देखते हुए मंदिर मुद्दा काफी अहम है। बैठक में बाबरी मस्जिद की कई तंजीमों ने हिस्सा लिया और बाबरी मामले के मुख्य पक्षकार इकबाल अंसारी भी बैठक में शामिल हुए।आपको वहीं, हिंदूवादी संगठन सरकार पर संसद में अध्यादेश लाकर मंदिर निर्माण करवाने की बात कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद ने भी पिछले दिनों धर्मसभा कर सरकार पर अध्यादेश लाने के लिए दबाव बनाने का प्रयास किया।

बैठक के बाद बाबरी एक्शन कमेटी के संयोजक जफरयाब जिलानी ने कहा कि यह बैठक रूटीन का हिस्सा थी परंतु अगर अध्यादेश की बात की जा रही है, सरकार अध्यादेश लाती है तो उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। बैठक में जफरयाब जिलानी, इकबाल अंसारी व यासीन अली सहित कई अन्य लोग शामिल हुए।

# तीन तलाक बिल से कोई सुलह नहीं-शाइस्ता अंबर

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड की अध्यक्ष शाइस्ता अंबर ने तीन तलाक बिल को परिवारों को बर्बाद करने वाला बताया। शाइस्ता अंबर ने कहा कि यदि मौजूदा बिल पर कानून बना तो इसके खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड आंदोलन शुरू करेगा। केंद्र सरकार ने बिल को लोकसभा से पास कराकर उसे अपराध बना दिया। ऐसे में पति व पत्नी के बीच सुलह की गुंजाइश खत्म हो जाएगी।

शाइस्ता ने कहा कि सरकार से ऐसे कानून की मांग की गई थी जो शरीयत के कानून से न टकराये। तलाक सामाजिक बुराई है, इसे अपराध बनाने से लोग शादियां करने से ही डरने लगेंगे।

इसे विपक्ष की मांग के मुताबिक ज्वॉइंट सेलेक्ट कमेटी में भेजा जाए ताकि कानून बनने से पहले सभी पहलुओं पर चर्चा हो सके।

# इलाहाबाद जं के सिटी साइड में लगाया गया १०० फिट ऊँचा तिरंगा झंडा



रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। इलाहाबाद जं के सिटी साइड में आज दिनांक ३१.१२.२०१८ को १०० फिट ऊँचा तिरंगा झंडा लगाया गया जिसका शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ एवं मंडल के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में अमर शहीद स्व लाल मणि यादव की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष देवी के कर कमलों द्वारा किया गया। तिरंगा झंडा ३० फिट लम्बा एवं २० फिट चौड़ा है तथा खम्भे कि ऊंचा १०० फिट है।

इस अवसर पर आर पी एफ बैंड द्वारा सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्ता हमारा एवं राष्ट्रगान की धुन बजाई और और सभी ने तिरंगे को सलाम किया।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, एनामुल हक्, अनुराग कुमार गुप्ता, अमरेश कुमार, पी के यादव, अभिषेक रंजन, वी के गौतम, गिरीश कंचन, रजा राम राजपूत तथा मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## पाठकों से अनुरोध

**विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।**

**सहयोग राशिः**

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

**प्रबंध संपादक**
**रेल समाचार ब्यूरो**

फ्लैशबैक-२०१८

# प्रयागराज में रेलवे ने दिये दो टर्मिनल

पहली बार प्रयागराज में दो स्टेशनों को टर्मिनल का रूप दिया गया। जिसमें उत्तर मध्य रेलवे का सूबेदारगंज और उत्तर रेलवे का प्रयागघाट शामिल है। कुम्भ में दोनों टर्मिनल का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके साथ ही रेलवे की ओर से लगभग ७०३ करोड़ की लागत से शहर में कार्य करवाए। जिसमें ०६ अंडर ब्रिज के चौड़ीकरण का कार्य भी शामिल था। वर्ष २०१८ मे ही शहर के वासियों को आनंदविहार / दिल्ली जाने के लिए हमसफर ट्रेन भी मिली, साथ ही साथ इलाहाबाद जंक्शन पर प्लेटफार्म संख्या ६ का भी निर्माण कार्य पूरा हुआ। और शहर के महत्वपूर्ण स्टेशनों जिसमें प्रयाग, इलाहाबाद सिटी, छिवकी का भी विकास हुआ।

# मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जनपद को मिलेगी सुविधा-योगी आदित्यनाथ



रे.स.ब्यू./सूत्र.सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद सिद्धार्थनगर में राजकीय मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास सहित अन्य विकास योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम स्व० माधव प्रसाद त्रिपाठी के नाम पर रखे जाने की घोषणा की। दिनांक २५.१२.२०१८ को सिद्धार्थनगर में उन्होंने कहा कि यहां पर त्रिपाठी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने जनपद सिद्धार्थनगर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद में राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना से सिद्धार्थनगर सहित आस-पास के जनपद के लोगों और पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से आने वाले मरीजों को इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे गरीबों को विशेष सुविधा मिलेगी। साथ ही, मेडिकल कॉलेज के बनने से चिकित्सा शिक्षा की सुविधा भी मिलेगी।

फ्लैशबैक-२०१८

# सज्जन कुमार ने किया सरेंडर

सिख विरोधी दंगों से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व नेता सज्जन कुमार ने सोमवार दिनांक ३१.१२.२०१८ को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई थी। कुमार ने मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष आत्मसमर्पण किया। जिसके बाद अदालत ने तिहाड़ जेल में रखने का कुमार का अनुरोध ठुकराते हुए उन्हें स्थित मंडोली जेल भेजने का आदेश दिया। हालांकि, अदालत ने सुरक्षा संबंधी कुमार का अनुरोध स्वीकार करते हुए उन्हें एक अलग वाहन में जेल ले जाने का आदेश दिया। ७३ वर्षीय पूर्व कांग्रेसी नेता को उच्च न्यायालय ने १७ दिसंबर को शेष जीवन तक कारावास' की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने कुमार को आत्म समर्पण करने के लिये ३१ दिसंबर तक की मोहलत दी थी।

फ्लैशबैक-२०१८

# कोहली बने टेस्ट-वनडे के टॉप स्कोरर



भारतीय क्रिकेट के लिहाज से साल २०१८ बेहद खास रहा। खासकर कप्तान विराट कोहली और अस्थायी कप्तान रोहित शर्मा के लिए। विराट टेस्ट और वनडे के टॉप स्कोरर रहे। वहीं, रोहित शर्मा ने टेस्ट, वनडे और टी-२० मिलाकर सबसे ज्यादा छक्के लगाए। उन्होंने लगातार दूसरी साल यह उपलब्धि अपने नाम की। विराट ने इस साल टेस्ट में सबसे ज्यादा १३२२ रन बनाए। श्रीलंका के कुशल मेंडिस ६६२ रन के साथ दूसरे नंबर पर रहे। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने ६४८ रन बनाए। वे तीसरे नंबर पर रहे। चौथे नंबर पर रहे चेतेश्वर पुजारा ने ८३७ रन बनाए। इंग्लैंड के जोस बटलर ७६० रन के साथ पांचवें नंबर पर रहे। वनडे में भी कप्तान कोहली १२०२ रन के साथ टॉप स्कोरर रहे। दूसरे नंबर पर रहे रोहित शर्मा ने १०३० रन बनाए। इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो १०२५ रन बनाकर तीसरे और जो रूट ६४६ रन बनाकर चौथे नंबर पर रहे। पांचवें नंबर पर जिम्बाब्वे के ब्रैंडन टेलर रहे। उन्होंने ८६८ रन बनाए। उनसे एक रन पीछे शिखर धवन ८६७ रन के साथ छठवें नंबर पर रहे।

# चुनाव से पहले रेलवे में १३,४८७ पदों की भर्ती

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। लोकसभा चुनाव से पहले ही रेलवे में जेई समेत कुल १३,८४७ रिक्तियों के लिए भर्ती निकाली गई है। २१ भर्ती बोर्ड द्वारा जूनियर इंजीनियरों के १३,४८७ पद भरे जाएँगे। जिसमें इलाहाबाद भर्ती बोर्ड द्वारा १४०० से ज्यादा पदों पर भर्ती की जाएगी। इन रिक्तियों के आवेदन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया दो जनवरी की सुबह दस बजे से खोल दी जाएगी। पहली जनवरी-२०१६ को १८ से ३३ साल के बीच रहने वाले अभ्यर्थी इस भर्ती में शामिल हो सकेंगे। आयुवर्ग में छूट नियमानुसार दी जा रही है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया ३१ जनवरी तक अपनाई जा सकेगी। इसके बाद ऑनलाइन पेमेंट के लिए पांच फरवरी को रात दस बजे तक मौका मिलेगा। वहीं ऑफलाइन तरीके से पेमेंट के लिए चार फरवरी की दोपहर एक बजे तक का मौका रहेगा। इस भर्ती के लिए पहले चरण की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा अप्रैल-मई में कराने की बात कही गई है। सामान्य वर्ग के लिए पांच सौ रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है वहीं एससी, एसटी, अल्प-संख्यक, पूर्व सैनिक, ट्रांसजेंडर, महिलाओं आदि के लिए २५० रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। आरआरबी के चेयरमैन एसएमए नकवी के अनुसार भर्ती की विस्तृत जानकारी के लिए आरआरबी की अधिकृत वेबसाइट देखी जा सकती है।

# कुम्भ की भव्यता को निहारने पहुंचे विदेशी छात्र



रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। कुम्भ की भव्यता को देखने के लिए सात समंदर पार से विदेशी छात्र प्रयागराज पहुंच गए हैं। दो छात्र और एक छात्रा रविवार को अपने भारतीय मित्र शादत के साथ मेला प्राधिकरण के कार्यालय पर भूमि आवंटन के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि वे पिछले एक वर्ष से सोशल मीडिया पर कुम्भ के बारे में पढ़ रहे थे। ऐसा क्या है भारतीय संस्कृति में कि करोड़ों लोग एक नदी में स्नान करने और उसके पूजन के लिए आते हैं। जिरू का कहना है कि ऐसा अद्भुत दृश्य उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। कारा का कहना है कि भारतीय संस्कृति के बारे में उन्होंने इंगलैंड में रहने वाले भारतीयों से काफी कुछ जानकारी प्राप्त कर ली है। इसलिए उन्होंने मन बनाया कि वे भी कुम्भ भव्यता को देखेंगे और महसूस करेंगे। रेनबो कमेटी के सदस्य शादत ने बताया कि रेनबो कमेटी में पूरे विश्व के लाखों लोग सदस्य हैं। कमेटी के लगभग ५०० विदेशी सदस्यों की कुम्भ में आने की तैयारी की है। अगर इतने लोगों को यहां जगह मिलती है, तो अगले १० दिनों में वे लोग यहां आ जाएंगे।जर्मनी के पास्कर, अमेरिका के जिरू और इंगलैंड की कारा ने बताया कि पिछले छह महीनों से ग्रुप के कई सदस्य हिन्दी बोलना और पढ़ना सीख रहे हैं। पास्कर ने बताया कि वे सिर्फ कुम्भ को महसूस करना चाहते हैं।

# सोनिया-राहुल का रक्षा सौदों में कोई हस्तक्षेप नहीं: ए. के. एंटनी

रे.स.ब्यू./सू.नई दिल्ली। सोनिया और राहुल गांधी का बचाव करते हुए पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा सौदों में उन्होने कभी हस्तक्षेप नहीं किया और इसे अधिकारियों की टीम द्वारा मूल्यांकन के बाद चुना गया था। भाजपा पर वार करते हुए ए के एंटनी ने कहा कि जब भी मीडिया ने किसी सौदे में भ्रष्टाचार के बारे में सूचना दी, हमने जांच शुरू की। अगस्ता वेस्टलैंड मामले में कांग्रेस के पूर्व रक्षा मंत्री ए के एंटनी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का बचाव किया है। एंटनी ने कहा कि हमने ५-६ शक्तिशाली कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय लिया, केवल मैंने सीबीआई जांच के आदेश दिए ना कि इस सरकार ने। तब हमारी सरकार ने अगस्ता के खिलाफ इटली में इस केस को लड़ने के लिए एक असामान्य निर्णय लिया। अंततः हमने केस भी जीत लिया।

**हिन्दी का काम राष्ट्रभाषा का ही काम नहीं बल्कि राष्ट्रीयता का काम और राष्ट्रीय एकता का काम है। डॉ. शकर दयाल शर्मा भू० पू० भारत के राष्ट्रपति**

# कुम्भ के मद्देनजर पैसेंजर सर्विसेज़ कमेटी के अध्यक्ष ने दिये सुझाव



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में रेलवे बोर्ड की यात्री सेवा समिति (पीएससी) के साथ बैठक महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। यात्री सेवा समिति का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र रत्न ने किया। इस दौरान समिति कि प्रयागराज जिले में रेलवे द्वारा ७०० करोड़ रुपये की कुल से बुनियादी ढांचे में वृद्धि कार्यों के विषय में विस्तार से सूचित किया गया। समिति ने रेलवे द्वारा किए गए आधारभूत संरचना के कार्यों और विशेष ट्रेनों को चलाने के लिए तैयार की गई विस्तृत योजनाओं, यात्रियों और भक्तों के लिए टिकटों विशेष रूप से अनारक्षित टिकटों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। तकनीकी पहल के तहत, समिति को हाल ही में लॉन्च किये गए 'रेल कुंभ सेवा २०१६' मोबाइल एप्लिकेशन के साथ-साथ 'मोबाइल ऐप पर यूटीएस' के बारे में सूचित किया गया।

उन्होने सुझाव दिया कि इन दोनों ऐपों को अधिकतम प्रचारित किया जाना चाहिए। पीएससी ने रेल कुंभ सेवा ऐप और मोबाइल ऐप पर यूटीएस के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पैम्फलेटों और स्टिकरों के व्यापक उपयोग का सुझाव दिया। पीएससी ने सुझाव दिया कि स्वच्छता (स्वच्छता) और 'नमामी गंगे' पर रेलवे द्वारा स्लोगनों को लोकप्रिय किया जाना चाहिए। बैठक में समिति ने रेलवे की क्षमता के प्रति अपने विश्वास को व्यक्त करते हुए और कुंभ मेला -२०१६ के प्रभावी प्रबंधन के लिए महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे और अधिकारियों की टीम को अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

**ट्रेन की छ्त, पायदान या कपलिंग पर बैठकर यात्रा कभी ना करें, जिससे जान व माल की हानि हो।**

## नूतन वर्ष अभिनन्दन

नूतन वर्ष के स्वागत से<br>
बीते साल की दुखद यादें थमेंगी,<br>
दर्द भरे टीसों का कोसों दूर<br>
नये उमंग से जीवन थमेगी।<br>
बूढ़े-बच्चे, सब प्राणी होंगे खुशहाल,<br>
भारत माँ के आशीष से खुश होंगे वीर-जगत<br>
धरती नव निर्मित, परिधान में नजर आएगी,<br>
रबी की फसल और लहलहायेगी,<br>
आओ, धरती को स्वर्ग बनायें,<br>
ताकि भगवान धरती परसहज उतर आयें,<br>
आओ स्वागत करें, नववर्ष का।।

# गंभीर आरोपों में लिप्त बाबाओं को नहीं मिलेगी कुंभ में भूमि

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। दिव्य कुंभ की छवि खराब ना हो इसके लिए गंभीर अपराधों में फंसने वाले बाबाओं पर कुंभ मेला प्रशासन का शिकंजा कसने लगा है। सेक्स स्कैंडल में फंस चुके बंगलूरू के बाबा स्वामी नित्यानंद व दुष्कर्म में फंसे क्रिया योग आश्रम के संस्थापक योगी सत्यम के विरुद्ध आपराधिक शिकायतों के रिकॉर्ड तलब किए गए हैं। बाबा नित्यानंद को भूमि आवंटित किए जाने के बाद सुविधा पर्ची पर रोक लगा दी गई है। बंगलूरू के योग गुरु नित्यानंद और झूंसी के क्रिया योग गुरु योगी सत्यम के विरुद्ध मिले शिकायती पत्रों का परीक्षण कराया जा रहा है। इनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच रिपोर्ट और मुकदमों का विवरण पुलिस से मंगाया गया है। इनके अलावा दुष्कर्म के आरोपों फंसे क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी के संस्थापक योगी सत्यम पर लगे आरोपों की जांच रिपोर्ट पुलिस से मंगाई गई है। इसके बाद उनकी भूमि सुविधा निरस्त करने की तैयारी शुरू हो गई है।

# महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा केंद्रीय चिकित्सालय का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./संवा.बिलासपुर। महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, सुनील सिंह सोइन, द्वारा दिनांक २१ दिसम्बर, २०१८ को केंद्रीय चिकित्सालय दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रीय चिकित्सालय के समस्त वार्डो में घूम कर चिकित्सा सुविधा का जायजा लिया एवं चिकित्साय में भर्ती मरीजों से बात चीत की, उनका हालचाल जाना एवं उनको दिए जा रहे इलाज के संबंध में चर्चा की एवं उनको दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे जानकरी ली। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, बच्चों के वार्ड, आईटीयू युनिट आदि सभी जगह निरीक्षण किया।

उन्होंने अटेंडेंट डॉरमेटी का निरीक्षण कर चल रहे कार्यो को जल्द पूरी करने कि हिदायत दी। उन्होंने चिकित्सालय में नया दो/चार पहिया वाहन स्टैंड निर्माण करने का भी निर्देश दिया तथा फिजियोथेरेपी रूम को ओर अधिक विकसित करते हुये विस्तार करने का निर्देश दिया।

केंद्रीय चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इंडोर एवं ओ.पी.डी. का भी निरीक्षण करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने रेल अधिकारियों से चर्चा करते हुये सौंदर्यीकरण तथा चिकित्सालय की स्वाच्छता व्यवस्था पर संतोष जाहिर करते हुये आगन्तुओं के लिए बैठने की व्यवस्था को ओर अधिक विकसित करने का निर्देश दिया।

इस निरीक्षण में सुनील सिंह सोइन, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. सी.एन. पिपरीकर, मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर आर.राजगोपाल, उप मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. सी. के.दास एवं अन्य अधिकारियों सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उपमहाप्रबंधक (सामान्य) एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी सहित जोन के चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट अधिकारी एवं कर्मचारी प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक द्वारा पुरस्कृत

रे.स.ब्यू./संवा.जबलपुर। पचिम मध्य रेल के तीनों मंडल जबलपुर, भोपाल एवं कोटा को दिनांक २२.१२.२०१८ को परिचालन विभाग के उत्कृष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया गया। विभाग के उत्कृष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यालय स्तर पर पुरस्कृत वितरण कार्यक्रम सतपुडा रेलवे क्लव में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक मनोज सेठ ने की।

इस अवसर पर मुख्यालय के मुख्य मालभाड़ा यातायात प्रबंधक राजेश पाठक, मुख्य यात्री यातायात प्रबंधक आर.डी.मीना, मुख्य परिवहन योजना प्रबंधक श्रीकांत महियारिया,एवं मुख्यालय तथा मंडल के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मंडलों एवं मुख्यालय के कुल ६८ कर्मचारियों को प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक अपने उद्बोधन में कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बधाई दी एवं उन्हें इसी प्रकार कार्य करने की लिए प्रोत्साहित किया।

# प्लेटफार्म सं० ०६ से ट्रेनों का परिचालन हुआ शुरू

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। नवनिर्मित इलाहाबाद जंक्शन के प्लेटफार्म सं. ०६ शनिवार दिनांक २६.१२.२०१८ को ट्रेनों परिचालन शुरू कर दिया गया। इस प्लेटफार्म से महत्वपूर्ण ट्रेनों जिसमें गाड़ी सं. १२५५६ शिवगंगा एक्सप्रेस,१५००३/०४ चौरी चौरा,२२४२८ आनंद विहार बलिया एक्स्प्रेस,१२५८१/८२ मंडूयाडीह-नई दिल्ली का संचालन किया जाएगा।

# कुंभ-२०१६ मे भारतीय रेल कर्मियों को 'रेल कुंभ सेवकों' के रूप में करेगी प्रयुक्त

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। भारतीय रेलवे कुंभ मेला -२०१६ में 'रेल सेवा' की व्यवस्था में एक वृहद बदलाव कर रही है। जनवरी २०१६ से प्रयागराज में प्रारंभ हो रहे कुंभ में रेलवे द्वारा तैनात सभी रेल कर्मिक और स्वयंसेवकों को 'रेल कुंभ सेवक' के एक नए रूप में जाना जाएगा। इन रेल कर्मिकों और स्वयंसेवकों को उनकी जैकेट के विशेष एवं आकर्षक रंग और जैकेटों पर अंकित 'रेल कुंभ सेवक' के माध्यम से आसानी से पहचाना जा सकेगा। अपनी नियमित ड्युटी के अतिरिक्त ये 'रेल कुंभ सेवक' रेलवे परिसर में आने वाले तीर्थयात्रियों का मार्गदर्शन, रेग्यूलेशन और सहायता भी करेंगे। इस पहल पर बोलते हुये महाप्रबंधक ने कहा कि रेल कर्मिक और स्वयंसेवकों को विशेष प्रकार का जैकेट पहनाना उपयोगी सिद्ध होगा क्योंकि कुम्भ मेले में असाधारण भीड़ के आने की सम्भावना है, और रेल कर्मिकों और स्वयंसेवकों के विशेष रंग के जाकेट के कारण रेलवे परिसर में आने वाले तीर्थ यात्री आसानी से पहचान सकेंगे और ज़रूरत पड़ने पर मदद के लिए संपर्क कर सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि, "रेल कुंभ सेवक उनके काम की मांगों और महत्व के बारे में विशेष रूप से प्रशिक्षित और संवेदनशील होंगे, और यह बात उन्हें विशेष गौरव की भावना के साथ कार्य करने के लिये प्रेरित करेगी"। कुंभ मेला के प्रबंधन के लिए ५१०० से अधिक अतिरिक्त रेलवे कर्मचारियों की मांग की गई है। इनमें रेलवे सुरक्षा बल के २६००, वाणिज्य के १५०० और अन्य विभाग के १००० रेल कर्मचारी शामिल होंगे और ये देश के १० से अधिक विभिन्न रेलवे जोनों से प्रयागराज में पहुंचने शुरू हो चुके हैं। उत्तर मध्य रेलवे,जो प्रयागराज में भारतीय रेल की सभी कुंभ मेला से संबंधित गतिविधियों के लिए समन्वयक रेलवे है, द्वारा कुछ विशेष रूप से प्रशिक्षित रेल कुंभ सेवकों को ऑफलाइन हैंड- हेल्ड टिकट वेंडिंग मशीनों के साथ लैस करने का भी प्रयास है।इन मशीनों, जिन्हें प्रवीण मोबाइल टिकट वेंडिंग डिवाइस' (पीएमटीवीडी) का नाम दिया गया है, का इस्तेमाल रेल कुंभ सेवकों द्वारा कुंभ मेला क्षेत्र में यात्रियों को अनारक्षित रेलवे टिकट देने के लिए किया जाएगा जो मोबाइल रेलवे कर्मी होंगे। भारतीय रेलवे ने अपने बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने के लिए प्रयागराज में ७०० करोड़ रुपये का भारी निवेश किया है और मेला अवधि के दौरान ८०० से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन किया जायेगा, जिसमें से आधे से अधिक ट्रेनें समय-सारणी बद्ध होंगी। इन ट्रेनों को कुंभ मेला की छवियों और प्रयागराज शहर के महत्वपूर्ण वास्तुशिल्प स्थलों की छवियों से विशेष रूप से 'ब्रांडेड' किया किया गया है।

पूरे भारतीय रेलवे के सभी प्रयासों को एक साथ लाने में 'रेल कुंभ सेवक' की अवधारणा एक अलग विशेषता होगी जो रेल उपयोगकर्ताओं और भक्तों को एक सुखद अनुभव प्रदान करने में मदद करेगी।

## दीवाना

-संदीप साइलस

न कोई मुहब्बत की रूह को पहचाना
जिसके सर आ गई, वो हुआ दीवाना।

न कोई रहा दूर, न हुआ बेगाना
जिसने भी उसको जाना, वो हुआ दीवाना।

न हक कू-ए-यार, न अपना फसाना
जिसको भी जुनूं चढ़ा, वो हुआ दीवाना।

न पुरानी मुलाकात ना जां वाबस्ता
जिसको देख वो मुस्कुराया, हुआ दीवाना।

न कोई उम्मीद, न बाशिन्दा शहर का
उसकी गली जो आया, वो हुआ दीवाना।

न ईमान की ये बातें, न जिर्क सुहाना
जिसको मिला ये खजाना वो हुआ दीवाना।

न कोई दुःख रहा, न तीरगी का जमाना
जिसकी जिंदगी वो आया, वो हुआ दीवाना।

न होगी उससे बात, वो मौसम का परवना
जिसने भी उसको ढूंढा, वो हुआ दीवाना।

नाखुदा है वो, मौजो का मस्ताना
तुर्क हवा जो आये 'दीप', वो हुआ दीवाना।

# राजेंद्रनगर टर्मिनल बना पहला वाटरलेस यूरिनल स्टेशन



रे.स.ब्यू./संवा.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल के अंतर्गत राजेंद्रनगर टर्मिनल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर चार वाटरलेस यूरिनल लगाए गए हैं। पूर्व मध्य रेल के प्रवक्ता के अनुसार राजेन्द्रनगर पहला स्टेशन है जहां यह सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। राजेन्द्रनगर टर्मिनल पर यह सुविधा २१.११.२०१८ से उपलब्ध करायी जा चुकी है। फ्लोटिंग वाल्व युक्त इस यूरिनल में पानी से फ्लश करने की आवश्यकता नहीं होती है, जिससे पानी की बचत होती है। साथ ही, कीटाणुनाशक टेबलेट के प्रयोग से यूरिनल में दुर्गंध पर रोक लगती है। विदित हो कि रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थानों पर, खासकर प्लेटफॉर्मों पर हाईजेनिक यूरिनल उपलब्ध करना एक चुनौतिपूर्ण कार्य होता है। राजेंद्रनगर टर्मिनल के प्लेटफार्म नंबर एक पर लगाए गये वाटरलेस यूरिनल की विशेषताएंः-

स्वच्छ,स्वस्थ, पर्यावरणीय एवं जैविक शौचालय सीवेज सिस्टम के माध्यम से ठोस अपशिष्ट के फ्लशिंग और परिवहन में होने वाले पानी की बर्बादी को रोकता है। इसके रखरखाव पर काफी कम लागत आती है जिसमें हर हफ्ते केवल कीटाणुनाशक टैबलेट बदलना पड़ता है।इससे प्रतिवर्ष प्रति यूरिनल १,५१,००० लीटर ताजा पानी की बचत होगी.कार्य करने की प्रक्रियाः- इस यूरिनल में एक विशेष प्रकार का फ्लोटिंग वाल्व लगा है जो यूरिनल के प्रयोग के समय खुल जाता है तथा यूरीन के पॉट से निकल जाने के बाद वाल्व पाइप के मुंह को बंद कर देती है जिससे दूर्गंध बाहर नहीं आ पाता है। इस यूरिनल में कीटाणुनाशक टैबलेट एक बायोडिग्रेडेबल समाधान है जो सभी प्रकार के यूरिनल्स के साथ काम करता है। इसमें सक्रिय सूक्ष्मजीव और सफाई एजेंट पानी को साफ करने और दुर्गंध हटाने में मदद करता है। इस प्रकार यह दुर्गंध को समाप्त करता है और पानी बचाता है।

# जोनल कार्यालय में हिंदी कार्यशाला संपन्न

रे.स.ब्यू./संवा.बिलासपुर। रेल यात्रियों की सुगमता एवं रेल कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की सहजता को ध्यान में रखते हुए रेलों में प्रयुक्त होने वाले शब्दों के बारे में जोनल प्रशिक्षण केंद्र निर्माण कार्यालय में राजभाषा विभाग द्वारा कार्यशाल का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में तत्सम-तदभव, देशज, विदेशज एवं संकर शब्दों से परिचय कराते हुए शब्दों की विविधताओं के बारे में बताया। अपने व्याख्यान में विक्रम सिंह, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने सहज शब्दों के इस्तेमाल के बारे में विशेष जोर दिया ताकि हिंदी भी सरकारी कामकाज में सहज स्वीकार्य हो।

उन्होंने कहा कि ''शब्दों के लिए रूकिये मत जो आपको सरल लगे वह लिख दें वह निश्चित ही आम जन की भाषा होगी। कार्यशाला में रेल कर्मियों ने अपने-अपने विभाग में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा अपने संग्रहित शब्दों से परिचय कराया। अंग्रेजी के स्थान पर चुनिंदा हिंदी शब्दों एवं देवनागरी प्रयोग महत्ता पर विस्तार से चर्चा हुई।

कर्मचारियों की झिझक को दूर करने के लिए यह कार्यशाला हर तिमाही में आयोजित की जाती है।

इस वर्ष की अंतिम कार्यशाला के लिए मुख्य राजभाषा अधिकारी ए.एस.वानखेड़े ने निर्देश दिये थे। तनदुनसार यह कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन पी. एल.जाटवर ने, कार्यक्रम का प्रबंधन पी.के.गवेल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन एन.के.पांडेय ने किया। कार्यशाला के व्याख्यान में वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को आने वाले नव वर्ष की शुभकामनाएं दी तथा नई उमंग के साथ राजभाषा हिंदी के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने की बात दोहरायी।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

# मां गंगा के हैं करोड़ों पुत्र हार्दिक पटेल

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। पाटीदार आंदोलन से निकले गुजरात के युवा नेता हार्दिक पटेल यूपी से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने वाराणसी में प्रधानमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ने की संभावना से इन्कार नहीं किया। शुक्रवार दिनांक २८.१२.२०१८ को हार्दिक ने कहा कि राजनीतिक जागृति के लिए वह यूपी के दौरे पर हैं। साथ ही सामाजिक आंदोलन से जुड़े लोगों से बातचीत कर रहे हैं। वाराणसी से पीएम मोदी के सामने चुनाव पर उन्होंने कहा कि मां गंगा के करोड़ों पुत्र हैं।

# उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न




रे.स.ब्यू./सू.नई दिल्ली। उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक अपर महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, राजेश तिवारी, की अध्यक्षता में दिनांक २६.१२.२०१८ को प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली में सम्पन्न हुई।

इस बैठक में उत्तर रेलवे के सभी प्रमुख मुख्य, विभागाध्क्षों, मुख्य कारखाना प्रबंधकों, मंडलों एवं कारखानों के अपर/उप मुख्य राजभाषा अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व अपर महाप्रबंधक ने रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना के ६ अधिकारियों/ कर्मचारियों तथा प्रधान कार्यालय में आयोजित समाचार वाचन प्रतियोगिता के ३ विजेता कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए।

इसके पश्चात अपर महाप्रबंधक ने क्षेत्रिय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर रेलवे ने अधिकतर मदों में लक्ष्य प्राप्त कर लिया है और जल्द ही हम अन्य मदों में भी लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। बैठक में श्रीमती चंद्रलेखा मुखर्जी, मुख्य राजभाषा अधिकारी, उत्तर रेलवे ने बताया कि राजभाषा विभाग एक वार्षिक कार्य योजना बनाकर समय-समय पर कई कार्यकलाप आयोजित करता है। इसी प्रकार की कार्य योजना सभी मंडल/कारखाने भी बनाएं।

इसके अतिरिक्त उन्होंने समिति को उत्तर रेलवे की उपलब्धियों की जानकारी भी दी। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) डॉ. रोशनी खुबचंदानी ने किया जोकि बहुत खुशनुमा माहौल में संपन्न हुई। राजभाषा अधिकारी प्रवीण कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक संपन्न हुई ।

## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामाजिक, फिल्म, व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों में भेजें।

प्रधान सम्पादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

## मैं हार नहीं मानूंगा

- वैष्णों आशीष शर्मा

मैं हार नहीं मानूंगा,
मैं हार नहीं मानूंगा।



मुश्किल राहें हैं तो क्या,
कोई साथ नहीं तो क्या।
मुश्किल हालातों से,
मैं तो लड़ता जाऊंगा,
मैं तो लड़ता जाऊंगा।

आयेगी मुश्किल जो,
आसान करता जाऊंगा।
आगे बढ़ता जाऊंगा,
आगे बढ़ता जाऊंगा।



मैं हार नहीं मानूंगा,
मैं हार नहीं मानूंगा।

मैं चाहूं अम्बर छू लूं,
मैं चाहूं सागर पी लूं,
मैं पवनों को पीछे छोड़ दूं,
दरियाओं का रूख मोड़ लूं।



है गज़ब का साहस मुझमें,
गज़ब की है लगन मुझमें,
मंजिल से पहले...
मैं नहीं थकूंगा,
मैं नहीं थकूगा।

मैं हार नहीं मानूंगा,
मैं हार नहीं मानूंगा।

# कुंभः कार्य लापरवाही में अधिकारी को बनाया बंधक

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। कुंभ कार्यों में लापरवाही गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई और जलकल विभाग के अफसरों को भारी पड़ गई। दिनांक २०.१२.२०१८ को अल्लापुर में बाघंबरी गद्दी स्थित पेशवाई मार्ग की खस्ता हालत देख स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा और अफसरों को मौके पर बुलाकर बंधक बना लिया गया। १२ दिसंबर को बाघंबरी मुहल्ले में खोदाई के दौरान पेयजल की दो लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं।

आसपास जलभराव के साथ इलाके के सैकड़ों घरों में पेयजल किल्लत लोगों की परेशानी का कारण बनी। इसकी शिकायत करने पर इकाई के अफसर जलकल वालों का काम बताकर पल्ला झाड़ लेते और जलकल वाले गंगा प्रदूषण की जिम्मेदारी बताकर चुप्पी साध लेते।

लोगों ने पाइप लाइन की मरम्मत कराने की बात कही तो फिर आश्वासन दिया जाने लगे। नाराज लोगों ने चारों अफसरों को बाघंबरी रोड स्थित एक मकान के कमरे में बैठा दिया।

लोगों को आक्रोश देख दोनों विभागों के अफसरों ने इंजीनियरों और मजदूरों को बुलाकर काम शुरू कराया। रात करीब आठ बजे काम पूरा होने पर अफसरों को छोड़ा गया।

# आईआरसीटीसी अब मिठाई की जगह परोसेगा पॉपकार्न




रे.स.ब्यू./सू.नई दिल्ली। आईआरसीटीसी अब अपने यात्रियों का जायका बदलने के लिए सिनेमा हॉल की तरह ट्रेनों में पॉपकार्न का स्वाद चखाएगा। खान-पान की नीति में बदलाव कर रेलवे अपने यात्रियों को कई किस्म के व्यंजनों का स्वाद चखा रहा है।

शताब्दी व राजधानी ट्रेनों में परोसे जाने वाले खाने के साथ अभी तक मिठाई (पतिसा) दिया जाता था। जिसे यात्री पसंद नहीं करते थे और खाने की प्लेट में ही छोड़ देते थे।

ऐसे में आईआरसीटीसी पीवीआर सिनेमा हॉल में मिलने वाले महंगे पॉपकार्न ब्रांड का जायका दे रहा है। इसमें गुड़ में लिपटे हुए पॉपकार्न, चॉकलेट पॉपकार्न, बटर पॉपकार्न और पुदीना वाले पॉपकार्न शामिल हैं। आईआरसीटीसी के अधिकारियों का कहना है कि यह प्रयोग यात्रियों के मुंह का जायका बदलने के लिए किया जा रहा है।

यात्रियों की प्रतिक्रिया अच्छी रही तो इसे अन्य ट्रेनों में भी लागू किया जाएगा।

# कुम्भ २०१६ के अवसर पर सियालदाह-अजमेर-सियालदाह एवं हावड़ा-जोधपुर/बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस का ठहराव

रे.स.ब्यू./सूत्र.जयपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा कुम्भ २०१६ मेले के अवसर पर रेल यात्रियों की मांग को देखते हुए ०२ एक्सप्रेस रेल सेवाओं का ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के अनुसारः- १. गाडी संख्या १२६८७, सियालदाह-अजमेर एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक १३.०१.१६ से २३.०१.१६ तक इटावा स्टेशन पर १६.१२ आगमन एवं १६.१३ बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या १२६८८, अजमेर- सियालदाह एक्सप्रेस दिनांक १३.०१.१६ से २३.०१.१६ तक इटावा स्टेशन पर २१.२८ बजे आगमन एवं २१.२६ बजे प्रस्थान करेगी। २. गाडी संख्या १२३०७, हावड़ा-जोधपुर/बीकानेर एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक ०२.०२.१६ से २१.०२.१६ तक विन्ध्याचल स्टेशन पर ११.११ बजे आगमन एवं ११.१२ बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या १२३०८/२२३०८, जोधपुर/बीकानेर - हावड़ा एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक ०२.०२.१६ से २१.०२.१६ तक विन्ध्याचल स्टेशन पर १५.१० बजे आगमन एवं १५.११ बजे प्रस्थान करेगी।

# खुलकर जाति की राजनीति कर रही है भाजपा: अखिलेश यादव



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के बहकावे मे जनता अब नहीं आने वाली। उन्होने कहा की भाजपा खुलकर जाति की राजनीति कर समाज में नफरत पैदा कर रही है और भाजपा को लोगों को भटकाने की कला का जवाब नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्ष पर झूठे आरोप लगाने में उसे कोई संकोच नहीं होता है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा नेतृत्व समझता है कि जातीय वैमनस्यता पैदा करके वह अपने वोट बैंक में इजाफा कर लेगा। आज लड़ाई ८५ प्रतिशत बनाम १५ प्रतिशत की है। देश का किसान, नौजवान, अल्पसंख्यक सभी भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के शिकार हैं। इससे जनता में जो आक्रोश है, उसका वर्ष २०१६ में जनता बदला लेगी।

# मंडल रेल प्रबंधक द्वारा संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी हुए पुरस्कृत




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। इलाहाबाद मंडल भारतीय रेलवे का एक महत्वपूर्ण मंडल है, हावड़ा नई दिल्ली व्यस्ततम मार्ग का अधिकांश भाग इलाहाबाद मंडल से ही होकर गुजरता है। संरक्षा के प्रति सजग इलाहाबाद मंडल मे दिनांक २७.१२.२०१८ को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा १६ रेल कर्मचारियों अमित बाजपेई, ब्रिजेश कुमार, सूर्यबली, अजीत कुमार, अनुपम मिश्र आदि को पुरस्कृत किया गया। सभी कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा रु १०००/-नगद तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं संरक्षा के प्रति और अधिक सजग रहकर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक एनामुल हक़, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी वी के गौतम, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मनु प्रकाश, तथा अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र
हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल
14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध

# लग्ज़री सुविधाओं से लैस पहली हाई स्पीड ट्रेन-१८ पहुंची प्रयागराज



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। भारतीय रेलवे यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है, इसी कड़ी में सेमी हाई स्पीड ट्रेन T-१८ का परीक्षण उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद मंडल में किया गया। लग्ज़री सुविधानों से लैस यह गाड़ी दिनांक २६.१२.२०१८ को नई दिल्ली से ००.५५ बजे चलकर सुबह ०७.४८ बजे इलाहाबाद पहुंची। बता दें कि यह गाड़ी अधिकतम १८० किमी प्रति घंटा की गति से चलने में सक्षम है।

इलाहाबाद मंडल में यह गाड़ी अभी अधिकतम १३० किमी प्रति घंटा कि गति से चलेगी। पत्रकार बंधुओं को मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ ने इस गाड़ी के बारे में बताया। इस अवसर पर मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




**पाठक ध्यान दें**

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

हिन्दी भाषा मेल-मिलाप की भाषा
हिन्दी भाषा हम सब की भाषा

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा।

The Only Institute in Alld. Having Results Since 1984
BANK P. O. | CLAT
SSC • M.B.A. • CAT, MAT • NTSE • GD & INTERVIEWS
LAW ENTRANCES ALLD. UNIVERSITY B.H.U., D.U. JAMIA MILLIA ETC.
FOR SURE SUCCESS
PIONEER
Law & Banking Tutorials
Colonelganj, Allahabad
M.: 9839065783 Ph.: 0532-2460610

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी/डी.आर.यू.सी.सी. सदस्यों को नामित होने पर हार्दिक बधाई**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो६७६३६५६०४४

**संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।**

*Railway Passengers Safety & Amenities Association*

*Aim of the Society is to serve the Railway Passengers*

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan,
Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran

*उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।*